Need to accelerate the implementation of Jal Jeevan Mission in Jharkhand-Laid

श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग): मैं सरकार का ध्यान झारखंड के एक महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । झारखंड राज्य सरकार जल जीवन मिशन-हर घर जल योजना के तहत अपनी ग्रामीण आबादी को नल का पानी उपलब्ध कराने में बेहद खराब प्रदर्शन कर रही है । जल, राज्य का विषय है और इसलिए घरों में नल का पानी उपलब्ध कराने के लिए जल-सम्बन्धी योजनाओं को लागू करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की है । जुलाई 2023 तक, झारखंड में केवल 39.02% ग्रामीण परिवारों ने नल कनेक्शन की सूचना दी है । इसे परिप्रेक्ष्य में रखें, तो झारखंड में 37 लाख से ज़्यादा ग्रामीण घरों में नल के पानी का कनेक्शन नहीं है । इसकी तुलना में, गुजरात और हरियाणा जैसे राज्यों में जेजेएम के तहत 100% नल कनेक्शन है । ऐसे समय में जब हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है व विश्व गुरु बनने के लिए तैयार है, झारखंड राज्य अपनी ग्रामीण आबादी को घरों में नल का पानी उपलब्ध कराने में भी असमर्थ है । मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूँ कि जल जीवन मिशन- हर घर जल योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार को सख्त निर्देश जारी करें ।